तापमान
अधिकतम 43.7 डिग्री
न्यूनतम 18.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 19 अप्रैल, 2025

11 10.43 लाख की लागत से बिछाई जाएगी पाइपलाइन


12 एनसीसी कैडेट्स ने शूटिंग में जीता स्वर्ण पदक


### हर तीसरे दिन गाड़ियों में आ जाती है खराबी, रिपेयरिंग की परमिशन मिलने में हो रही देरी

# स्वास्थ्य विभाग के पास 30 जीवन वाहिनी, आठ कंडम हालत में पहुंची, नई गाड़ियों का इंतजार

- गाड़ियों में बढ़ रहा विभागीय खर्च, लाखों किलोमीटर चलने व समय अवधि पूरी के नजदीक पहुंच चुकी हैं गाड़ियां
- समय पर मरीजों को गाड़ियों की सर्विस नहीं मिल पा रही, कड़म होने वाली गाड़ियों की जानकारी अधिकारियों को भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के नागरिकों को बेहतर चिकित्सक सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विभाग की तरफ से जीवन वाहिनी (एम्बुलेंस) का बेड़े दिया हुआ है। बेड़े में गर्भवती महिलाओं, आपातकालीन स्थिति में मरीज को पीजीआई व बड़े सरकारी अस्पतालों में लेकर जाने के लिए मरीजों को एंबुलेंस मुहैया करवाई जाती है। उक्त गाड़ियों की हालत काफी दिनों से कड़म हालत में पहुंच चुकी है। गाड़ियां अपनी तय सीमा के करीब दौड़ लगा चुकी है। साथ ही गाड़ियों का समय भी पूरा होने वाला है। गाड़ियों ज्यादा पुरानी होने के चलते उन पर रिपेयरिंग का खर्च ज्यादा आने लगा है। जिसके चलते समय पर मरीजों तक गाड़ियों की सर्विस नहीं मिल पाती है। विभाग की तरफ से कड़म होने वाली गाड़ियों को की जानकारी भेजी है। बता दें कि जिला स्वास्थ्य विभाग के पास जीवनवाहिनी एंबुलेंस बेड़े में हाल में कुल 30 गाड़ियां है। जिनमें एएलएस एडवांस लाइफ सपोर्ट, बीएलएस, किलकारी सहित अन्य गाड़ियां शामिल है। जिन्हें लोगों की सुविधा के लिए उपलब्ध करवाने का काम किया जाता है। नियम के अनुसार गाड़ियों को पांच साल व तीन लाख से ज्यादा गाड़ियों को नहीं चलाया जा सकता। वहीं करीब तीन माह से गाड़ियों में रिपेयरिंग खर्च बढ़ता जा रहा है।

### अपने नाम नहीं करवा पा रहे दान में दी गाड़ी, फांक रही धूल



आमजन को आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस की सुविधा मिल सके उसके लिए निजी कंपनियों व सोसाइटी की तरफ से गाड़ी दान दी गई थी। जोकि गत नवंबर माह में जिला उपायुक्त को गाड़ी को सौंपा गया था। स्वास्थ्य विभाग में पहुंचने के बाद कई माह से गाड़ी परिसर में खड़ी धुल फांक रही है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अब तक गाड़ी को जिला स्वास्थ्य अधिकारी के नाम नहीं करवा पाने की बात सामने आई। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद गाड़ी आमजन के लिए उपलब्ध हो सकेगी।

### रिपेयिरंग पर खर्च ज्यादा बढ़ा

कई गाड़ियां के सड़कों पर पहिए दो लाख किलोमीटर से ज्यादा दौड़ लगा चुके है। साथ ही उनकी तय सीमा भी समाप्ति की तरफ जा चुकी है। गाड़ियों में होने वाला खर्च ज्यादा बढ़ता जा रहा है। जिला स्तर पर गाड़ियों की रिपेयरिंग करवाने के लिए दस हजार रुपये है। उसके ऊपर आने वाले खर्च को लेकर उच्च अधिकारियों से परमिशन लेनी होती है। उक्त प्रक्रिया में समय लगने के कारण गाड़ियां सर्विस स्टेशन पर खड़ी रहती है।

### उप निदेशक ने रिपोर्ट तैयार की थी

गाड़ियों में होने वाले खर्च व समय पर लोगों को एंबुलेंस की सुविधा न मिलने के चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था। गाड़ियां समय पर ठीक न होने की शिकायत उच्च अधिकारियों के पास पहुंची। उसके बाद आरटीएस के उप निदेशक डॉ. यादवेंद्र सिंह अस्पताल में पहुंचे थे। उन्होंने गाड़ियों में आ रही खामियां व सुविधाओं का जायजा लिया था। उन्होंने गाड़ी जांच करने के साथ उसके कागजात जांचे।

### जल्द आएंगी गाड़ियां

बेड़े में शामिल कई गाड़ियां कड़म हालत में पहुंच चुकी है। जो पांच साल से ज्यादा व तीन लाख किलोमीटर के करीब पहुंच चुकी है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। इस संबंध में विभाग व उच्च अधिकारियों को निर्णय लेना है। गत दिनों पहले उप निदेशक ने नई गाड़ियां उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया अमल में लाने की बात कही थी। उम्मीद है कि जल्द बेड़े में गाड़ियां शामिल होगी।
**- डॉ. सुभाष गहलावत जिला नोडल अधिकारी।**

## खबर संक्षेप




### आंगनबाड़ियों में बांटी स्टेशनरी और मिठाइयां

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत आर्डेंट द्वारा फाजिलपुर की दो आंगनवाड़ियों में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को स्टेशनरी और मिठाइयां वितरित की गई। क्लब के अध्यक्ष राजेश कटारिया ने बताया कि क्लब आगे भी आंगनवाड़ी के जरूरतमंद बच्चों की सहायता करता रहेगा। इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉ. सुनील कश्यप और डॉ. भावना कश्यप ने बच्चों को मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें टूथब्रश और टूथपेस्ट वितरित किए। कार्यक्रम में क्लब सचिव डॉ. राजन मक्कड़, पूर्व अध्यक्ष आशु नागपाल, शशि कटारिया, पुनीत जग्गा और अभिषेक मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**खरखौदा।** शहर के वार्ड संख्या 10 से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। मोनू ने बताया कि उसका छोटा भाई रामू 25 वर्ष घर से 15 अप्रैल को मोटरसाइकिल लेकर निकला था। रात तक वह घर वापस नहीं लौटा तो उन्होंने उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया। लेकिन उसके भाई के बारे में कहीं पर कोई जानकारी नहीं मिल पाई। उसे शक है कि किसी ने उसके भाई को अपने फायदे के लिए कहीं छुपाया हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### जजपा की जिला स्तरीय बैठक आज

**सोनीपत।** जन नायक जनता पार्टी की एक जिला स्तरीय बैठक 19 अप्रैल यानि शनिवार को निश्चित की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष राजसिंह दहिया एवं हल्का अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि 11 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जजपा की बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला सोनीपत के संगठन प्रभारी देवेंद्र कादयान एवं सह प्रभारी संजय दलाल करेंगे। उन्होंने जजपा कार्यकर्ताओं से बैठक में हिस्सा लेने का आह्वान किया।

### कम्युनिटी सेंटर में रक्तदान शिविर कल

**सोनीपत।** जैन मिलन चिंतामणि की ओर से सेक्टर 12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में 20 अप्रैल रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष सुमित जैन ने बताया कि संस्था की ओर से यह 10वां रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है।

## एसडीएम ने अवैध खनन के लिए बनाए गए रास्तों को मशीन से उखड़वाया



**सोनीपत।** यमुना क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचें एसडीएम साथ में अन्य।

- एसडीएम ने यमुना क्षेत्र का निरीक्षण किया
- सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा काम
- अवैध रूप से रास्ता बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एसडीएम सुभाष चंद्र ने कहा कि अवैध खनन पर अंकुश लगाने और इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों से निपटने के लिए राज्य सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

मॉनिटरिंग के लिए अलग-अलग स्तरों पर टीमें 24 घंटे सातों दिन कार्य कर रही है। उन्होंने स्वयं यमुना क्षेत्र का दौरा करते हुए वहां पर अवैध खनन के लिए बनाएं रास्तों को पोपलैंड मशीन से उखड़वाया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर इस क्षेत्र का दौरा कर अवैध खनन के लिए बनाए गए रास्तों को उखाड़ने के साथ-साथ अवैध रूप से रास्ता बनाने वालों पर कार्रवाई करें। एसडीएम ने कहा कि उनकी अध्यक्षता में जिला में अवैध खनन रोकने को कमेटी गठित की गई है।

## मंच ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, तीन युवकों के हत्यारों को फांसी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच ने हत्या के आरोपितों को फांसी की सजा देने की मांग की है। मंच के प्रतिनिधिमंडल ने इस मांग को लेकर शुक्रवार को उपमंडलीय परिसर में एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मंच ने मृतकों के परिवार की आर्थिक मदद करने और सरकारी नौकरी देने की भी मांग की।

मंच के राष्ट्रीय संयोजक महेंद्र सिंह पांचाल ने कहा कि गांव कासंडी में संदीप पुत्र रामभज, गांव मदीना में कर्मबीर पुत्र बख्शी और टिटोली में देवव्रत पुत्र दयासिंह पांचाल की हत्या मामले में आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। इन हत्याकांडों से प्रदेश में दहशत का माहौल है। इन घटनाओं के आरोपितों को फांसी की सजा दी जाए ताकि अपराधी ऐसी घटना को अंजाम देने की सोचे भी न। इसके साथ मृतकों के परिवार को आर्थिक मदद व सरकारी नौकरी दी जाए।



**गोहाना।** ज्ञापन सौंपते हुए मंच के प्रतिनिधि।

### खड़े डंपर में टकराई बाइक, युवक की मौत

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के कुमासपुर पुल के पास सड़क पर खड़े डंपर में बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक की मौत हो गई। पुलिस ने डंपर चालक पर केस दर्ज किया है। चमराड़ा निवासी जसमेर ने बताया कि उसका भतीजा अनमोल सेक्टर-7 सीएनजी पंप पर काम करता था। बृहस्पतिवार की शाम वह घर लौट रहा था। वह बाइक पर कुमासपुर पुल के पास पहुंचा तो वहां सड़क पर ईंट से भरे डंपर से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। जिसके चलते सड़क पर गिरकर अनमोल गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

## सफाई कर्मचारियों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन, सड़क पर उतर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने के विरोध में बुधवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने गोहाना रोड पर सरकार और ठेकेदार प्रथा के खिलाफ नारेबाजी की। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि सफाई कर्मचारी सबसे मेहनती वर्ग हैं, इसके बावजूद उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट में हैं। बच्चों की पढ़ाई, घर का राशन और गेहूं की खरीद जैसे जरूरी कार्य अधूरे पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चुनाव से पहले कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और रोजगार की गारंटी देने के वादे कर सत्ता में आई, लेकिन अब सत्ता में आते ही उन वादों को भूल चुकी है। हरियाणा कौशल निगम के तहत लगे कर्मचारियों को हटाया जा रहा है और ठेकेदारों द्वारा लगातार शोषण किया जा रहा है। प्रदर्शन में जसवंत, संदीप, प्रदीप, जोगिंदर, महावीर, राजेश, राजवीर शामिल रहे।



**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी साथ में जिला पार्षद।

### मौसम में बदलाव, रात को हुई बूंदाबांदी

**सोनीपत।** जिले में शुक्रवार शाम को मौसम का मिजाज बदल गया। पहले बादल छाए और रात को बूंदाबांदी हुई। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार 23 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। इस दौरान तेज हवा के साथ बूंदाबांदी के आसार बने हैं। तापमान में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा। अप्रैल माह में सामान्य से अधिक गर्मी बनी हुई है। पिछले सप्ताह सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बारिश हुई थी और दो से तीन दिन तक तापमान में कमी आई थी, लेकिन फिर से गर्मी सताने लगी। शुक्रवार को भी सुबह से ही तेज धूप निकली। हालांकि शाम को बूंदाबांदी हुई। मंडी में गेहूं भीग गया। हालांकि बाद में तिरपाल लगा दिया गया।

## फर्जी फिजियोथेरेपी सेवाएं रोकने के लिए एसोसिएशन ने अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को अपनी मांगों का ज्ञापन जिला स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में क्षेत्र में अनियमित प्रथाओं के बारे में अवगत करवाया गया है। ज्ञापन ने कई व्यक्ति और केंद्र उचित योग्यता, पंजीकरण या चिकित्सा दिशानिर्देशों का पालन किए बिना फिजियोथेरेपी सेवाएं देने सहित स्वास्थ्य और रोगी सुरक्षा के लिए जोखिम से बचाने की अपील की। पदाधिकारियों को कहना है कि अनधिकृत प्रथाएं न केवल प्रदान की जा रही देखभाल की गुणवत्ता से समझौता करती हैं, बल्कि गलत निदान, देरी से ठीक होने और कुछ मामलों में, रोगियों को दीर्घकालिक शारीरिक नुकसान भी पहुंचाते हैं। उन्होंने मांग की है कि इसकी जांच की जाए। जिसमें फिजियोथेरेपिस्ट का अभ्यास करने वाले लाइसेंस और क्रेडेंशियल सत्यापित करना, मानकों के पालन के लिए क्लीनिक और पुनर्वास केंद्रों की निगरानी करना, और कदाचार में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई शुरू करना शामिल है।



**सोनीपत।** अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के सदस्य।

## डीसी के निर्देश : दवाई बेचने वाली दुकानों पर सीसीटीवी लगवाएं, नहीं तो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिला में दवाई बेचने वाली सभी दुकानों पर सीटीवी कैमरे लगवाएं ताकि अगर कोई नशे से संबंधित दवाईयां बेचता है तो उस पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय-समय पर इन दुकानों की चैकिंग भी करें और अगर कहीं भी कोई बिना लाईसेंस के दवाई बेच रहा है तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करें।

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को एनकोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए हर संभव कार्रवाई करें। वीसी के पश्चात उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान किया कि जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए हर वर्ग की सहभागिता जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि नशे की दवाओं पर रोक को लेकर प्रशासन की पैनी नजर है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा साथी ऐप का संचालन किया जा रहा है। इस ऐप में मेडिसिन की एंट्री किए बिना केमिस्ट कोई भी मेडिसिन दवा नहीं रख सकते।



**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।








पूरी दुनिया में 700 मिलियन से एक बिलियन कुत्ते हैं।



शुतुरमुर्ग की आंखें उसके मस्तिष्क से भी बड़ी होती हैं।

# स्पेस साइंस में बेहतर करियर के लिए करें ये कोर्स



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कारण आज नए-नए कॅरियर विकल्प युवाओं के लिए खुल रहे हैं, इन्हीं में से एक है स्पेस साइंस। क्या अनंत आकाश आपको अपनी ओर आकर्षित करता है, क्या आपमें ब्रह्माण्ड के रहस्य सुलझाने का जज्बा है, क्या धैर्य और बुद्धि आपके प्लस पॉइंट हैं। यदि हां, तो अंतरिक्ष विज्ञान आपको पुकार रहा है। देश के सैटेलाइट लॉन्चिंग का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में धाक जमने लगी है, जिसके कारण यहां के युवा वैज्ञानियों के के लिए भारतीय व विदेशी अंतरिक्ष विज्ञान के दरवाजे खुलने लगे हैं। इस समय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो न केवल भारत के उपग्रह अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है।

## आसमान का संसार

अंतरिक्ष विज्ञान वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रहों, उपग्रहों, तारों, धूमकेतुओं, आकाशगंगाओं एवं अन्य अंतरिक्षीय पिंडों का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में करियर उन हजारों रहस्यों से पर्दा उठाने का अवसर भी होता है, जो अभी तक अनसुलझे हैं। यह न केवल वैज्ञानिक स्वभाव की परीक्षा होती है, बल्कि आपकी जिज्ञासाएं भी स्तर-दर-स्तर शांत होती जाती हैं। इसे अपना करियर चुनने वाले जहां देश के बेस्ट ब्रेन कैटेगरी में शुमार किए जाते हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बुद्धिजीवी के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान बनती है।

### क्या है स्पेस साइंस

स्पेस साइंस या स्पेस टेक्नोलॉजी बहुत बड़ा क्षेत्र है। इसके तहत एस्ट्रोनॉमी व एस्ट्रोफिजिक्सए प्रामेट्री एटमॉस्फियर और एयरोनॉमीए अर्थ साइंसेस और सोलर सिस्टम की पढ़ाई आती है। आज के दौर में स्पेस साइंस की कई सब-ब्रांचेज भी हैं। इनमें से मुख्य है कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोलॉजी आदि। साइंस और इंजीनियरिंग की ये शाखाएं अंतरिक्ष के चारों तरफ घूमती हैं।

## जरूरी योग्यताएं

अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 11वीं कक्षा में गणित विषय लेना होगा, 12वीं गणित में उत्तीर्ण करने के बाद आपको बीएससी की डिग्री लेनी होगी, जहां आपके विषयों में फिजिक्स एवं गणित भी होना जरूरी है। साइंस से स्नातक होने के बाद आप एस्ट्रोनॉमी थ्योरी या एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेशन कोर्स चुन सकते हैं। वहीं मास्टर्स डिग्री के बाद विशिष्ट कोर्सेज में प्रवेश लिया जा सकता है। यदि आप बारहवीं के बाद इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन में बीई करते हैं, तो आप इंस्ट्रूमेंट एस्ट्रोनॉमी या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने पर आगे एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी भी कर सकते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश में केवल मास्टर स्तर व पीएचडी प्रोग्राम ही विश्वविद्यालयों में सामान्यत उपलब्ध हैं। वहीं एक वर्षीय ज्वॉइंट एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू चलाती है। यह प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, रमण रिसर्च इंस्टीट्यूट और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के साथ मिलकर चलाया जाता है। कोर्स की समाप्ति के बाद आपको इन्हीं इंस्टीट्यूट्स में से एक में पीएचडी की भी ऑफर दी जाती है।

### एस्ट्रोनॉट बनने के लिए यह गुण जरूरी

एस्ट्रोनॉट बनने के लिए कई गुण बहुत जरूरी है, उसमें से एक है आकाश में तारों के पैटर्न, उनकी हलचल आदि का अध्ययन करना। यह बहुत लंबा और समय लेने वाला पेचीदा काम है। इसलिए धैर्य इस पेशे का पहला व सबसे जरूरी गुण भी है। वहीं अगली बेहद जरूरी विशेषता आपका जिज्ञासु होना है। इस फील्ड में पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से रहस्यमयी प्रश्नों के उत्तर तलाशने होते हैं। आपमें चीजों के प्रति साइंटिफिक एप्रोच के अलावा प्रोग्रामिंग स्किल भी बेहतरीन होनी जरूरी है।

## स्पेस साइंस में ये करियर ऑप्शन

### एस्ट्रोनॉमी

स्पेस सांइस में एक एस्ट्रोनॉमी का कार्य आउटर स्पेस का रिसर्च करना होता है। इसमें सौर मंडल, तारे, आकाशगंगा, ग्रह आदि शामिल होता है। जिस पर ये जमीन से ही रिसर्च कर यहां पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का पता लगाते हैं।

### एस्ट्रोनॉट

एस्ट्रोनॉट के बारे में लगभग सभी लोग जानते हैं, ये वो लोग होते हैं, जो अंतरिक्ष में चहलकदमी कर अपने सपनों को पूरा करते हैं। इनका कार्य स्पेस स्टेशन पर रहकर रिसर्च करना है। इन्हें स्पेस स्टेशन में महीनों रहना पड़ता है।

### स्पेस टेक्नोलॉजी

इस फील्ड में स्पेस टेक्नोलॉजी का करियर भी काफी शानदार माना जाता है। इसमें सेटेलाइट, स्पेस स्टेशन, स्पेसक्रॉफ्ट, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर इक्यूमेंट को डिजाइन करने का कार्य किया जाता है।

### स्पेस इंजीनियरिंग

स्पेस इंजीनियर का सबसे प्रमुख कार्य होता है। ये किसी भी स्पेस अभियान से जुड़े सभी इक्यूमेंट को डिजाइन करते हैं। यहां पर एयरोस्पेस, रोबोटिक्स, मटेरियल साइंस, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के साथ ही मैकेनिकल और टेलीकॉम इंजीनियरिंग जैसे कई फील्ड में इंजीनियर कार्य करते हैं।

### स्पेस रिसर्च

इस काफी व्यापक फील्ड माना जाता है। स्पेस रिसर्च में अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। जैसे- एस्ट्रोफिजिसिस्ट, बायोलॉजिस्ट, बायोकैमिस्ट और बायोफिजिसिस्ट, जियोलॉजिस्ट और एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट। ये सभी अपनी विशेषता के अनुसार कार्य करते हैं।

### स्पेस लॉ

आंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला लॉ है। इसमें देशों व कंपनियों के बीच समझौतों, संधियों, सम्मेलनों और संगठनों के नियमों की जानकारी हासिल की जाती है। आज के समय में जिस तरह स्पेस में भीड़ बढ़ रही है, उसे देखते हुए स्पेस लॉ में अच्छा करियर ऑप्शन बन सकता है।

### स्पेस टूरिज्म

स्पेस के फील्ड में यह सबसे तेजी से उभरता हुआ फील्ड है। इसमें अब कई नई प्राइवेट कंपनियां आ रही हैं। यहां पर युवाओं के लिए करियर बनाने का शानदार मौका है। आज के समय में स्टेस टूरिज्म के क्षेत्र में वर्जिन गेलेक्टिक, ब्लू ओरिजिन, ओरियन, स्पेसएक्स, ओरियन स्पैन और बोइंग जैसी कंपनियां लगी हुई हैं।

---

## हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है इस फील्ड को

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान, इस फील्ड में होगी लाखों की कमाई

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## इस क्षेत्र में काम तेजी से बढ़ रहा



कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

### जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट



बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

### अहम है यह फील्ड

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

### हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।

### क्या चाहिए क्वालिफिकेशन

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना आवश्यक होता है। यह कोर्स करने के लिए छात्र के 12वीं में बायोलॉजी में न्यूनतम 50% अंक होने जरूरी है। कुछ शैक्षणिक संस्थान इंटरव्यू और टेस्ट के आधार पर भी इस कोर्स में दाखिला देते हैं।

### यहां से करें हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता

आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

एम्स, नई दिल्ली

हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है।

### 40 से 50 हजार रुपये सैलरी

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उम्मीदवार 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने का मौका मिलता है। इसके अलावा सरकारी संस्थान में एक से डेढ़ लाख रूपए महीने की सैलरी उठा सकते हैं। समय और अनुभव बढ़ने के साथ ही सैलरी में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। यह एक ऐसा फील्ड है जिसमें आने वाले समय में करियर बनाने के काफी स्कोप है। आज के आधुनिक समय में लोगों को किसी भी बीमारी का सामना करना पड़ता है तो लोग तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती होते हैं। कोरोना के दौरान जब लाखों की संख्या में लोग अस्पतालों में भर्ती हुए तो उस समय मैनेजमेंट सिस्टम पूरी तरह चरमरा गया था

---

## कर सकते हैं फुल टाइम वर्क भी

# 12वीं के बाद करें गेम डिजाइनिंग का कोर्स, कॅरियर ग्रोथ के साथ मिलेगा लाखों रुपये का पैकेज

**अगर आप भी** 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में हैं, जहां पर आपके कॅरियर ग्रोथ के साथ अच्छा पैसा कमा सकें। तो बता दें कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन कॅरियर आप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गेमिंग इंडस्ट्री के बारे में जरूरी जानकारी देने जा रहे हैं। बता दें कि इस फील्ड में आने के बाद आपको किस तरह का कॅरियर ग्रोथ मिलेगा। इस फील्ड में आने के लिए क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है, इन सारे सवालों के जवाब आपको इस आर्टिकल में मिलेंगे। ऐसे में अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। वर्तमान समय की बात करें तो देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा लोग फुल टाइम वर्क कर रहे हैं। जिसमें से 30 फीसदी लोग प्रोग्रामर और डेवलपर के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022-23 में यह फील्ड 20-30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा। वहीं इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के कैरेक्टर्स, गेम के लेवल के अलावा तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर उसे इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। वहीं गेम राइटर डायग्राम आदि बनाकर उसके अलग-अलग वर्जन को तैयार करते हैं। गेम डिजाइनर को टेक्निकल नॉलेज होने के साथ ही सोच में क्रिएटिविटी भी होनी चाहिए। गेम तैयार करने के लिए उसकी डिजाइन, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल की टीम एक साथ वर्क करती है।

### क्वालिफिकेशन

- छात्र ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना जरूरी होता है।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश भाषा पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- इस फील्ड में आप गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, आर्ट, एनिमेशन, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर ग्राफिक्स, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

- गेमिंग फील्ड में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के पास कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस फील्ड में 2 डी गेम डेवलपर्स, 3 डी गेम डेवलपर्स और जावा आदि में अपार संभावनाएं हैं।
- इस फील्ड में डिजाइनिंग के साथ 2डी सॉफ्टवेयर और 3डी मॉड्यूलिंग की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए युवाओं के पास साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

### जॉब प्रोफाइल

इस फील्ड में युवा एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, मैनेजर्स, कास्टर्स, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर अपना कॅरियर बना सकते हैं।

---

# नकली समाचार का खतरा और युवाओं का डिजिटल मंचों की ओर झुकाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह इतना तेज है कि सही और गलत जानकारी के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। नकली समाचार, जिसे अंग्रेजी में "फेक न्यूज" कहा जाता है, युवाओं के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह न केवल उनकी सोच को प्रभावित करता है, बल्कि उनकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति पर भी असर डालता है। यही कारण है कि आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाकर डिजिटल मंचों की ओर अधिक आकर्षित हो रही है। इस लेख में हम नकली समाचार के खतरों, युवाओं के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाने के कारणों और पढ़ाई में बेहतर करने के लिए प्रेरणा के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

## गलत और भ्रामक जानकारी दी जा रही

नकली समाचार का युवाओं पर प्रभाव

नकली समाचार ऐसी जानकारी होती है जो जानबूझकर गलत या भ्रामक होती है। यह सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, और अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से तेजी से फैलती है। युवा, जो अपने विचारों को आकार देने के लिए सूचनाओं पर निर्भर रहते हैं, अक्सर ऐसी खबरों का शिकार हो जाते हैं। इसके कुछ प्रमुख प्रभाव हैं:

**गलत धारणाएं बनना:** नकली समाचार युवाओं में गलत विश्वास पैदा करते हैं, जैसे किसी समुदाय, व्यक्ति या घटना के प्रति नफरत या गलत धारणा।

**मानसिक तनाव:** भ्रामक खबरें डर, चिंता और अविश्वास को बढ़ावा देती हैं, जिससे युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

**समय की बर्बादी:** ऐसी खबरों को पढ़ने और उन पर बहस करने में युवा अपना कीमती समय खो देते हैं, जो उनकी पढ़ाई और करियर पर असर डालता है।

**सामाजिक विभाजन:** नकली समाचार समाज में विभाजन पैदा करते हैं, जिससे युवा अपनी एकता और सामाजिक मूल्यों को खोने लगते हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी क्यों?**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जैसे टीवी न्यूज चैनल, अक्सर सनसनीखेज और अतिशयोक्तिपूर्ण खबरें दिखाते हैं। ये खबरें दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन इनमें सच्चाई की कमी होती है।

## टीवी पर एकतरफा कवरेज

**विश्वास की कमी:** युवा न्यूज चैनलों पर भरोसा नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि ये चैनल पक्षपातपूर्ण या प्रायोजित हैं।

**डिजिटल मंचों की स्वतंत्रता:** सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर युवाओं को अपनी पसंद की सामग्री चुनने की आजादी मिलती है, जो उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्यादा आकर्षक लगती है।

**सूचना की अधिकता:** डिजिटल मंचों पर युवा कई स्रोतों से जानकारी ले सकते हैं और तुलना कर सकते हैं, जबकि टीवी पर एकतरफा कवरेज मिलता है।

**मनोरंजन का विकल्प:** डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन, शिक्षा और समाचार एक साथ उपलब्ध हैं, जो युवाओं को अधिक उपयोगी लगता है।

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं, जिनसे युवा खुद को प्रेरित कर सकते हैं:

**लक्ष्य निर्धारित करें:** छोटे और बड़े लक्ष्य बनाएं, जैसे रोजाना एक नया टॉपिक पढ़ना या सप्ताह में एक कौशल सीखना। यह प्रगति का अहसास दिलाएगा।

**सूचना सत्यापन:** हर खबर को बिना जांचे स्वीकार न करें। विश्वसनीय स्रोतों जैसे किताबें, शैक्षिक वेबसाइट्स और विशेषज्ञों की राय पर भरोसा करें।

**समय प्रबंधन:** सोशल मीडिया और न्यूज देखने का समय सीमित करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से उस यंत्र का नाम बताइए जो कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइनसे जोड़ता है
(ए) स्कैनर
(बी) मॉडेम
(सी) सी.डी.रोम
(डी) प्रिंटर

**2.** कम्प्यूटर सिस्टम के किस भाग को भौतिक रूप से स्पर्श किया जाता है
(ए) डाटा
(बी) ओएस
(सी) हार्डवेयर
(डी) सोफ्टवेयर

**3.** डॉट मेट्रिक्स किसका एक प्रकार है
(ए) टेप
(बी) डिस्क
(सी) प्रिंटर
(डी) बस

**4.** सीडी-रोम है एक?
(ए) सेमीकंडकटर मेमोरी
(बी) मैग्नेटिक मेमोरी
(सी) मेमोरी रजिस्टर
(डी) इनमे से कोई नही

**5.** एकछोटे सिलिकॉन चिप पर ट्रांजिस्टरों और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ पोर्न इलेक्ट्रोनिक सर्केट को.....कहते है
(ए) वर्क स्टेशन
(बी) सीपीयू
(सी) मैग्नेटिक डिस्क
(डी) इंटिग्रेटेड सर्किट

**6.** ....कम्प्यूटर को बताती है की इसके उपकरणों का प्रयोग कैसे करण चाहिए
(ए) यूटिलिटी
(बी) नेटवर्क
(सी) एप्लीकेशन
(डी) ओपी

**7.** सी, बेसिक, केबोल और जावा ...... भाषाओं के उदहारण है
(ए) लो लेबल
(बी) कम्प्यूटर
(सी) सिस्टम प्रोग्रामिंग
(डी) हाई लेबल

उत्तर 1.(बी) 2.(सी) 3.(सी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(डी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री ने बड़ौली के भतीजे को दिया आशीर्वाद

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को सोनीपत पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के भतीजे व माईराम कौशिक के पुत्र प्रिंस के सगाई समारोह में शामिल होकर आशीर्वाद दिया। यूनिक गार्डन में आयोजित सगाई समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर आशीर्वाद देने प्रदेश की कई राजनीतिक हस्तियां पहुंची। मोहनलाल बडौली और उनके परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।



### कर्मचारियों को दी बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग

**सोनीपत।** जिला नागरिक अस्पताल में बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के दौरान मौजूद चिकित्सक व एंबुलेंस पर तैनात कर्मचारी को दी गई। विभाग की तरफ से मिले निर्देशों के अनुसार यह ट्रेनिंग 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें हाल ही में ड्यूटी जॉइन करने वाले मेडिकल अधिकारी और एंबुलेंस पर कार्यरत आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन भाग ले रहे है।डा. पूनम दहिया ने बताया कि इस ट्रेनिंग का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों को सिखाना है। बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग का उद्देश्य मेडिकल पेशेवरों को आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों से लैस करना है।



### धूमधाम से मनाया स्वामी गीतानंद का जन्मोत्सव

**सोनीपत।** मॉडल टाउन स्थित श्री सद्गुरु धाम दिव्या गीता कुटीर में शुक्रवार को स्वामी गीतानंद महाप्रभु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज के सानिध्य में स्वामी गीतानंद महाप्रभु के जन्मोत्सव पर आयोजित महोत्सव में मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी कमल दिवान ने शिरकत की और महोत्सव का शुभारंभ करवाया।कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी कमल दिवान ने जोत प्रज्वलित कर प्रभु के चरणों में माथा टेका व स्वामी जी से आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व महोत्सव में पहुंचने पर कांग्रेस नेता कमल का स्वागत किया गया।

### बाल विवाह के खिलाफ चलाया सघन अभियान

**रोहतक।** संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह के खिलाफ जिले में सघन अभियान चला या जा रहा है। इस अभियान के तहत ईंट भट्ठा मजदूरों को भी जागरूक किया जा रहा है।

### बेसहारा गोवंश सेवा समिति की दसवीं वर्षगांठ 20 को

**रोहतक।** बेसहारा गोवंश सेवा समिति गोशाला की दसवीं वर्षगांठ 20 को मनाई जाएगी। यह गोशाला राजीव गांधी खेल स्टेडियम के पास पुल के नीचे स्थापित की है। हवन व विशाल भंडारा होगा। होने वाले समारोह में हरियाणा पुलिस के रिटायर्ड एडीजीपी श्रीकांत जाधव, रोहतक के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, नगर निगम रोहतक के मेयर रामअवतार वाल्मीकि और विश्ववारा कन्या गुरूकुल रूड़की की संस्थापक पद्मश्री डा. सुकामा आचार्य मुख्य अतिथि होंगी।

---

### 10.43 लाख रुपये की लागत से बिछाई जाएगी पाइपलाइन

# विधायक व मेयर ने राजेंद्र नगर में किया विकास कार्यों का शुभारंभ

**लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

राजेंद्र नगर में शुक्रवार को विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि राजेंद्र नगर की मुख्य गली में काफी समय से पेयजल की किल्लत चल रही थी। क्षेत्रवासियों को समुचित मात्रा में पेयजल न मिलने के कारण काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के समाधान हेतु आज नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है जिसे आगामी दो से तीन सप्ताह में इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। वहीं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि इस कार्य में निगम द्वारा 10.43 लाख रुपये की लागत से राजेंद्र नगर की मुख्य गली में पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत भी की जाएगी। इस लाइन को मुख्य लाइन में जोड़ने के बाद राजेंद्र नगर वासियों को पेयजल आपूर्ति की समस्या से स्थाई तौर पर निजात मिलेगी। मेयर ने मौके पर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को पूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ करने के आदेश दिए।



**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक निखिल मदान साथ में मेयर राजीव जैन एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

निगम पार्षद प्रतिनिधि संजीव वलेचा, चंद्रो देवी, रामेश्वर खटक, नफे सिंह, जय भगवान, रामफल, राजेश खटक, अशोक बागड़ी, विजय किराड़, रवि, रमेश, प्रकाश, रणधीर, जय भगवान, रामेश्वर, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

---



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सिख संगत। फोटो : हरिभूमि

## गुरु तेग बहादुर साहब के प्रकाश दिवस पर कीर्तन दरबार सजाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

आज गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहब राज मोहल्ला में गुरु तेग बहादुर साहब के प्रकाश दिवस की खुशी में सुबह कीर्तन दरबार सजाया गया। जिसमें नितनेम सुखमणि साहब के पाठ चौपाई साहब के पाठ किए गए। संगत द्वारा शब्द कीर्तन गायन किया गया। महासचिव परमजीत सिंह ने संगत को बताया कि गुरु तेग बहादुर साहब का प्रकाश 1 अप्रैल 1621 में पिता गुरु हरगोबिंद साहिब एवं माता नानकी जी के गृह में हुआ। आज गुरुद्वारा साहब में अखंड पाठ साहब आरंभ हुए एवं 20 तारीख रविवार को अखंड पाठ साहब की समाप्ति के उपरांत मुख्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें गुरुद्वारा बंगला साहब के हजूरी रागी भाई गुरदयाल सिंह संगत को कीर्तन द्वारा निहाल करेंगे। समाप्ति उपरांत गुरु के लंगर अटूट बरताए जाएंगे। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह सोढ़ी, तजिंदर पाल सिंह, अमरीक सिंह, हरजीत सिंह, मनोज कालड़ा, हरबंस सिंह गांधी उपस्थित रहे।

---

## अजमेर अध्यक्ष तो राज सिंह कार्यकारी अध्यक्ष बने

- नरेंद्र नगर स्थित शिव मंदिर में स्थापना दिवस के मौके पर हवन एवं कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

नरेंद्र नगर स्थित शिव मन्दिर में राधा-कृष्ण और श्री रामपरिवार के स्थापना दिवस के अवसर पर हवन एवं कीर्तन के साथ 15वें भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन, भाजपा नेता ललित बत्रा, भाजपा नेता तरुण देवीदास ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के बाद आज शिवमन्दिर सुधार समिति की कार्यकारिणी से भी नियमानुसार दस वर्ष पूरे करने पर दो वरिष्ठ सदस्यों सूरजभान चहल और लक्ष्मी नारायण भारद्वाज के स्थान पर दो नए सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। जिसके बाद अब शिवमन्दिर सुधार समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके तहत अध्यक्ष अजमेर मोर, कार्यकारी अध्यक्ष राज सिंह कड़वल, महासचिव अनिल मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुरेश चन्द्र वत्स, कॉर्डिनेटर आचार्य मनमोहन मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक लाकड़ा, कनिष्क उपाध्यक्ष महावीर रोहिल्ला, संयुक्त सचिव विजय वर्मा, लेखा परीक्षक घनश्याम मिश्रा, भंडार प्रभारी विक्रम गर्ग, संगठन सचिव दीपक भारद्वाज, मन्दिर परिसर निरक्षक पवन त्यागी को बनाया गया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें मेयर राजीव जैन एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

---

**विद्यार्थियों को शैक्षणिक वीडियो दिखाई**

## कानूनों के प्रति जागरूक रहें विद्यार्थी : गीता शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

राजकीय कालेज पिपली में प्राचार्या डॉ तराना के मार्गदर्शन में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 विषय पर विद्यार्थियों को शिक्षित एवं जागरूक करने के लिए एक शैक्षणिक वीडियो दिखाई गई। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता भारत में मूल अपराधी कानून के प्रशासन के लिए प्रक्रिया पर मुख्य कानून है। इस अधिनियम के द्वारा भारतीय दंड प्रक्रिया में कई बदलाव किए हैं। जिसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो 1 जुलाई 2024 को लागू हो गए हैं। महाविद्यालय की वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर गीता शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और कहा कि जिम्मेदार नागरिक होने के नाते उन्हें भारतीय कानूनों के प्रति जागरूक रहना चाहिए, ताकि वे समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन अच्छी प्रकार से कर सके। इस कार्यक्रम का आयोजन कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी नीरा एवं डॉ. विनोद मलिक द्वारा किया गया। डॉ. रजनीश कुमारी आदि मौजूद रहे।



**खरखौदा।** शिक्षाप्रद वीडियो देखते शिक्षक व विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

---

## रिटायर्ड कर्मी 22 को करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सोनीपत रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर 22 अप्रैल को रिटायर कर्मचारी उपायुक्त कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के उपरांत डीसी के माध्यम से देश की वित्त मंत्री सीतारमण को ज्ञापन दिया जाएगा, जिसमें कर्मचारियों की मांगें रखी जाएगी। इसी संदर्भ में रिटायर कर्मचारियों के संगठन ने शुक्रवार को बैठक जिला प्रधान व कन्वीनर महेंद्र सिंह भनवाला की अध्यक्षता में गोहाना रोड हनुमान मंदिर के साथ यूनियन कार्यालय सोनीपत में की। जिसमें राज्य कमेटी की ओर से सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व राज्य प्रधान व रिटायर कर्मचारियों के नेता मास्टर शेर सिंह रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा के उप महासचिव कृष्ण शर्मा, पूर्व राज्य सचिव जय भगवान दहिया सिल्क राम मलिक, ओमप्रकाश मलिक, मास्टर सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

---

## श्रद्धालुओं को भक्ति गीतों से किया निहाल

- आर्य समाज ऋषि नगर बत्रा कालोनी का 58 वाँ वार्षिकोत्सव और दिव्य आध्यात्मिक सत्संग का प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

आर्य समाज ऋषि नगर, बत्रा कालोनी सोनीपत का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव व दिव्य आध्यात्मिक सत्संग शुक्रवार को संस्था प्रधान विनोद कुमार बत्रा की अध्यक्षता में तथा आगरा से आमन्त्रित आर्य जगत के उच्चतम कोटि के विद्वान वेदनिष्ठ आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री के ब्रह्मत्व में आयोजित किया गया। यज्ञोपरान्त ब्रह्मा एवं मुख्य वैदिक प्रवक्ता ने वैदिक मन्त्र के उच्चारण के पश्चात बताया कि धर्म का अर्थ धारण करना होता है। आर्ष ग्रंथों की विधि विधान के अनुसार अर्थात जो सत्य पर आधारित हो और तीनों कालों में परिवर्तन होने वाला नहीं होता। धर्म के लक्षणों में धृति, क्षमा, दम अर्थात नियन्त्रण, अस्तेय अर्थात चोरी ना करना, शौच अर्थात पवित्रता, इन्द्रिय निग्रह, धी अर्थात सद्बुद्धि, विद्या अर्थात वैदिक ज्ञान, सत्यता पूर्ण व्यवहार और क्रोध का बिल्कुल ना होना आवश्यक है। अमृतसर से आमन्त्रित आर्य जगत के भजनोपदेशक पण्डित दिनेश आर्य पथिक द्वारा पारिवारिक, सामाजिक, देशभक्ति प्रभु भक्ति और महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती के गीतों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित किया। यज्ञ के संयोजक संस्था के पुरोहित आचार्य सत्य प्रकाश आर्य रहे।



**सोनीपत।** आर्य समाज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह।

---

## जानलेवा हमले की घटना में शामिल आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने फायर कर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित गोहाना के गांधी नगर निवासी रोहित उर्फ छतरी पुत्र राजकुमार व गोहाना के देवीपुरा निवासी प्रिंस पुत्र राकेश हैं। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया है।16 अप्रैल को गोहाना के आदर्श नगर निवासी अरुण पुत्र सुरेश ने थाना शहर गोहाना में शिकायत दी कि 15 अप्रैल की रात को करीब साढ़े दस बजे काम करके अपने घर पर आया था। तब उसे गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब वह अपने मकान के सामने गली में पहुंचा तो बाइक पर कुछ लडक़े सवार थे। उनमें से उसने देवीपुरा के चन्द्रमोहन को पहचान लिया। अरुण के अनुसार करीब एक साल पहने चन्द्रमोहन ने अपने साथियो के साथ मिलकर उसके साथ झगड़ा किया था।

---

**शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह**

## तात्या टोपे ने हिला दी थी ब्रिटिश शासन की नींव : आजाद सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

पुराना बस स्टैंड गोहाना स्थित शहीद स्मारक पर भारत के क्रांतिकारी अमर शहीदों में तात्या टोपे व दामोदर हरी चापेकर के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नगारिकों ने दोनों क्रांतिकारियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा की मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा तात्या टोपे एक ऐसे योद्धा थे जिन्हें प्रथम स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने का श्रेय दिया जाता है। भारतीय उपमहाद्वीप में तात्या टोपे ने ब्रिटिश शासन की नींव हिला डाली थी। 1857 में जब अंग्रेजों ने कानपुर पर अपना अधिकार जमाया तब तात्या टोपे ने 20000 सैनिकों का नेतृत्व करके अंग्रेजों को परासत करके कानपुर छोडऩे के लिए मजबूर कर दिया था। उनके साथी के विश्वासघात करने पर अंग्रेजों ने उन्हें सोते हुए दबोच लिया और 18 अप्रैल 1859 को सूली पर चढ़ा दिया था।



**गोहाना।** शहीद स्मारक में तात्या टोपे और दामोदर हरी चापेकर को नमन करते हुए नागरिक।

---

**संवाद सत्र में पहुंचे उद्योगपती**

## सुविधाएं मिलने पर एसो. ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन, बड़ी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर औद्योगिक क्षेत्र बड़ी में हुए विकास कार्यों पर आभार व्यक्त किया है। एसो के सदस्य शुक्रवार को मानेसर के आइआइसीए आडिटोरियम में आयोजित सीएम के उद्योगपतियों के साथ संवाद सत्र में पहुंचे थे। इस दौरान एसोसिएशन ने बताया कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से सड़कें, स्ट्रीट लाइट, बिजली आपूर्ति, वर्षा जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। इस वर्ष का बजट भी विशेष रूप से लघु व मध्यम उद्यमो के लिए सफल रहा है। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हरियाणा विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। एसो के अध्यक्ष नवीन , महासचिव हरप्रीत सिंह, लक्ष्मण सैनी, हरीश शर्मा, अमित गर्ग आदि मौजूद रहे।

---

**पदक विजेताओं को चेयरमैन ने किया सम्मानित**

# मैराथन स्पर्धा में शेर सिंह पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने दिखाई प्रतिभा

- पांच किलोमीटर मैराथन में नितेश ने दूसरा और यश ने तीसरा स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल के दो धावकों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को दोनों पदक विजेताओं को स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने की।मुरथल यूनिवर्सिटी सोनीपत में पिछले सप्ताह मैराथन करवाई गई। प्रतियोगिता में शेर सिंह पब्लिक स्कूल के धावक नितेश और यश ने प्रतिभागिता की। 5 किलोमीटर मैराथन में नितेश ने दूसरा और यश ने तीसरा स्थान हासिल किया। धावकों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि को लेकर स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने उनको ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया। उधर स्कूल में वल्ड हैरीटेज दिवस भी मनाया गया। चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि हर वर्ष 18 अप्रैल को वल्ड हैरीटेज दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों का संरक्षण करना व इसके प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर अशोक दांगी, वजीर सिंह, कुसुम सैनी, संगीता अरोड़ा व सादमा खान मौजूद रहे।



**गोहाना।** पदक विजेताओं को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देते चेयरमैन महेंद्र सिंह।

---

## मेदांता मामले में समिति ने उठाई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

जनवादी महिला समिति सोनीपत ने मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती एयर होस्टेस के साथ यौन उत्पीड़न मामले की कड़ी भर्त्सना करते पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग उठाई। समिति की जिलाध्यक्ष शीला और सचिव सीराजवती ने वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझ रही महिला के साथ यौन उत्पीडन की यह भयावह घटना कई सवाल खड़े कर रही है। हमारे समाज में वहशियत इतनी अधिक बढ़ गई है कि वेंटिलेटर पर भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। जनवादी महिला समिति मांग करती है कि राज्य सरकार इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। महिला डॉक्टरों और महिला मरीजों की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए जाएं।



सोनीपत। जनवादी महिला समिति के बैनर तले इकट्ठा हुई महिलाएं।

### अवैध हथियार सहित दो आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने दो आरोपितों को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।17 अप्रैल को क्राइम यूनिट गोहाना की अनुसन्धान टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही मनोज अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान राधे धर्मकृष्ण कांटा गोहाना के सामने मौजूद थे। तभी उनको खुफिया जानकारी मिली कि देवीनगर निवासी रोहित पुत्र सुशील के पास अवैध हथियार है जो कुछ देर बाद मोर चौक की तरफ से पैदल इसी तरफ आएगा। पुलिस ने रोहित के पास से 315 बोर देसी पिस्तौल व 1 जिन्दा रौन्द बरामद किया। दूसरी घटना में पुलिस ने नई अनाजमंडी के पीछे वाली सडक़ पर नाकाबंदी करके गांव मदीना निवासी रोहित उर्फ धौला पुत्र सतीश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक देशी पिस्तौल व एक जिन्दा रौन्द बरामद किया।

## खबर संक्षेप

### स्कूल के आंगनबाड़ी केंद्र से सामान चोरी

**खरखौदा।** खुर्मपुर के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र से काफी सामान चोरी हो गया है। स्कूल इंचार्ज नवीन कुमार ने बताया कि उनके स्कूल के एक सफाई कर्मचारी द्वारा सूचना दी गई कि स्कूल में कार्यालय का शटर उखड़ा हुआ है और स्टोर रूम का ताला लगाने वाला कुंडा टूटा हुआ है। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में भी चोरी हुई है। स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र से चोरों ने शिक्षा विभाग द्वारा दी गई टैबलेटस, 30 मीटर कॉपर की तार, आंगनबाड़ी केंद्र से एक गैस सिलेंडर, 12 लीटर रिफाइंड तेल चोरी किया गया है।

### जानलेवा हमला करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**खरखौदा।** चाकू से जानलेवा हमला करने की घटना में शामिल दो महिलाओं सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दो महिला, आयुष व रवि दोनों निवासी ईदगाह कॉलोनी, खरखौदा के रहने वाले है। गत 4 मार्च को खरखौदा निवासी यशवन्त थाना खरखौदा में शिकायत दी कि 3 मार्च को महिला ने उसे फोन करके घर पर बुला लिया। जब वह उनके घर पहुंचा तो उन्होंने उसका फोन ले लिया और आयुष कई युवकों को लेकर वहां आ गया। आयुष ने उसपर चाकू से वार कर दिया। घायल अवस्था में उसे खरखौदा के सरकारी अस्पताल लाया गया। चिकित्सको ने उसे टांके लगाकर पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया। उप निरीक्षक सौरव की टीम ने घटना में शामिल दो महिला आरोपी सहित चार आरोपियों आयुष व रवि को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

# प्रताप स्कूल के कैडेट्स ने शूटिंग प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक

## जेसिका व ध्रुव ने 50 मीटर शूटिंग रेंज में शानदार निशानेबाजी करते गोल्ड मेडल जीता

■ जेसिका व ध्रुव का चयन अंतर निदेशालय स्पोर्ट्स शूटिंग कंपटीशन कैंप के लिए हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** विजेता शूटर्स एनसीसी अधिकारियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

प्रताप स्कूल के तीन एनसीसी कैडेट्स जेसिका, ध्रुव और जिज्ञासु ने रोपड़, पंजाब में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। शूटिंग प्रतियोगिता हाल ही में आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न स्कूलों के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। जेसिका व ध्रुव ने 50 मीटर शूटिंग रेंज में शानदार निशानेबाजी करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि जिज्ञासु ने 25 मीटर रेंज में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गोल्ड मेडल जीतने पर जेसिका व ध्रुव का चयन अब अंतर निदेशालय स्पोर्ट्स शूटिंग कंपटीशन कैंप के लिए हुआ है, वहीं जिज्ञासु का चयन थल सैनिक कैंप के लिए हुआ है। तीनों कैडेट्स के स्कूल पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। स्कूल की प्राचार्या डॉ. दया दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया, एनसीसी अधिकारी ऋषि कुमार व ड्रिल इंस्ट्रैक्टर सुखबीर ने फूलमालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर इनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी ऋषि कुमार ने कहा, इन बच्चों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। ये आने वाले समय में देश का नाम और ऊंचा करेंगे। प्राचार्या दया दहिया ने कहा, यह हमारे स्कूल के लिए गर्व का विषय है कि हमारे कैडेट्स ने राज्य स्तर पर प्रतिभा दिखाई है।

### कोई लक्ष्य असंभव नहीं

वहीं, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया ने अपने संबोधन में कहा, बच्चों की इस उपलब्धि से यह सिद्ध होता है कि यदि सही मार्गदर्शन और मेहनत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह सफलता न केवल इन विद्यार्थियों के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।



**गोहाना।** आयरलैंड में अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में निखिल को विजेता घोषित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## निखिल के मुक्के पड़े सब पर भारी, जीते तीन स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के धुरंधर मुक्केबाज निखिल ने आयरलैंड में सम्पन्न अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर विदेशी धरा पर अपने मुक्के का दम दिखाया।

इसके अलावा निखिल दो मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में भी निखिल के मुक्के अपने सब प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़े। शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन ने अपने लाडले को सम्मानित किया।24 मार्च से 3 अप्रैल तक अभ्यास मैच और ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में फ्रांस, यूएस, आयरलैंड और भारत के खिलाडियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में निखिल ने अपने सब प्रतिद्वंद्वियों को परास्त करके स्वर्ण पदक हासिल किया। निखिल ने 8 अप्रैल को जिला और 10 से 14 अप्रैल को राज्यस्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में भी स्वर्ण पदक झटके। ये प्रतियोगिता जय बालाजी बॉक्सिंग अकादमी गोहाना में सम्पन्न हुई। शुक्रवार को स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने पदक विजेता निखिल को सम्मानित करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# किसान से 50 लाख की रंगदारी मांगी

■ आरोपित ने पर्ची पर लिखा था कि 24 घंटे में 50 लाख रुपये का इंतजाम कर लेना

**गोहाना।** गांव छिछड़ाना में किसान के घर में पर्ची फेंककर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। आरोपित ने इससे पहले किसान के घर के बाहर चिल्लाकर धमकी दी कि रुपये न देने पर इंतजाम भुगतना पड़ेगा। आरोपित ने बाद में मोबाइल पर फोन करके किसान को धमकी दी कि उसके पास रुपये देने के लिए 24 घंटे हैं, नहीं तो जान से मार देगा। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। गांव छिछड़ाना के रविंद्र ने पुलिस को बताया कि वह मध्यम वर्गीय किसान परिवार से है। गुरुवार रात 12 बजे एक युवक चिल्लाता हुआ उनके घर के बाहर पहुंचा और अपना नाम संदीप बता रहा था। उस समय उसके दादा रूपराम घर के मुख्य गेट के पास सो रहे थे। वे आवाज सुनकर जग गए और उसके बाद उनके घर के अंदर पर्ची फेंकी गई। उसने चिल्लाकर कर कहा कि पर्ची पढ़ लेना। पर्ची पर लिखा था कि 24 घंटे में 50 लाख रुपये का इंतजाम कर लेना। समय पूरा होने पर मैसेज आएगा। वह शुक्रवार सुबह काम लग गया। इसी समय वह तूड़े के काम में व्यस्त था। उसके मोबाइल पर एक नंबर पर कई बार काल की गई। सुबह पौने नो बजे उसने काल रिसीव की। काल करने वाले युवक ने कहा कि रविंद्र पर्ची मिल गई, तेरे पास 24 घंटे हैं और मैने दो नंबर के बहुत काम कर रखे हैं। उसे 24 घंटे में 50 लाख रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। रविंद्र की शिकायत पर संदीप के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

## गोहाना से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके राजबीर पर चलाई गोली

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गोहाना से निर्दलीय प्रत्याशी रहे राजबीर पर जानलेवा हमला करने के आरोप का मामला सामने आया है। मॉडल टाउन निवासी राजबीर दहिया ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उन्हें एक स्कॉर्पियो गाड़ी संदिग्ध हालत में उनके घर के पास दिखाई दी। गाड़ी चालक ने शीशा नीचे करके उसके ऊपर जान से मारने की नियत से पिस्तौल निकालकर फायर किया। वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद हमलावर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग निकला। राजबीर दहिया ने बताया कि उसने आरोपित को पहचान लिया है। यह आरोपित फाजिलपुर गांव का रहने वाला है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

# अंकनाद पहाड़े प्रतियोगिता में तनुज जिले में रही अव्वल

**गोहाना।** मदीना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के मेधावी छात्र तनुज को हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिला ढांडा ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह पानीपत में आयोजित किया गया। छात्र तनुज ने लोकमान्य तिलक अंकनाद पहाड़े प्रतियोगिता में जिला सोनीपत में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रदर्शन के आधार पर तनुज को शिक्षा मंत्री ने सम्मानित किया। समारोह में उनके साथ विद्यालय के प्राचार्य पंकज कौशिक और मुख्य शिक्षक प्रदीप भी



सम्मानित हुए। सम्मान समारोह के विशिष्ट अतिथि पानीपत शहरी हलका के विधायक प्रमोद विज, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज और जिला सोनीपत से गणित विशेषज्ञ नीति थे।



**राई।** विजेता प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित करते स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## ओलंपियाड के छात्रों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**राई।** ओम शंति शिक्षा सदन विद्यालय नाथूपुर में अंग्रेजी विज्ञान, कम्प्यूटर ओलंपियाड के छात्रों को पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें अंग्रेजी, विज्ञान, कम्प्युटर विषय में रुचि लेते हुए विद्यालय के 24 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं 35 विद्यार्थियो ने कम्प्यूटर विषय में और 49 विद्यार्थियों ने विज्ञान में उपस्थिति दर्ज कराई।

जिसमें छात्रों ने अपने ज्ञान व प्रतिभा का लोहा बनवाते हुए अंग्रेजी में 2 स्वर्ण पदक, 1 रजत व कास्य पदक, कम्प्यूटर विषय मे 4 स्वर्ण पदक और विज्ञान में 2 स्वर्ण 2 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य पदक पर अपना कब्जा किया।

जिससे पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। स्कूल निर्देशक योगराज भारद्वाज व प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने विजेता छात्रों को पदक पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक प्रकार के ओलंपियाड करवाता है।

## जिले की मंडियों में 2 लाख 61 हजार 287 मीट्रिक टन गेहूं की हो चुकी खरीद



**सोनीपत।** जिले की 24 मंडियों एवं खरीद केंद्रों में वीरवार देर सांय तक 2 लाख 61 हजार 287 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। जिले की विभिन्न मंडियों में पहुंचे दो लाख 61 हजार 287 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 95 हजार 378 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख तीन हजार 39 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 54 हजार 463 मीट्रिक टन और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा 8407 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केंद्र पर 2680 मीट्रिक टन, भैंसवाल खरीद केंद्र पर 2620 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केन्द्र पर 715 मीट्रिक टन, दातौली खरीद केन्द्र पर 3624 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केन्द्र पर 2790 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 23810 मीट्रिक टन, गोहाना मण्डी में 94718 मीट्रिक टन, हुल्लाहेड़ी खरीद केन्द्र पर 1053 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केन्द पर 3150 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केन्द्र पर 4509 मीट्रिक टन, खानपुर मण्ड़ी में 4693 मीट्रिक टन, खरखौदा मण्डी में 46340 मीट्रिक टन, मोहाना खरीद केन्द्र पर 7354 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केन्द्र पर 3985 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केन्द्र पर 7183 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केन्द्र पर 3860 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केन्द्र पर 5659 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 3500 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 6070 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केन्द्र पर 8211 मीट्रिक टन तथा सोनीपत मण्डी में 24763 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

# गोहाना से एक ही दिन में वापस भेजी नई दमकल गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर शहरवासियों की सुरक्षा के लिए वर्ष 2023 में सरकार द्वारा दी गई नई दमकल गाड़ी को गोहाना भेज दिया गया था, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए थे। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए प्रशासन व सरकार से नई दमकल गाड़ी को तुरंत गन्नौर वापस भेजे जाने की मांग की थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि नई गाड़ी फोम आधारित होने के कारण आग पर तुरंत काबू पाने में सक्षम थी। गाड़ी चले



जाने के बाद क्षेत्र की सुरक्षा केवल एक पुरानी और एक छोटी दमकल गाड़ी के भरोसे रह गई थी। दमकल की पुरानी गाड़ी बार-बार खराब हो जाती है और उसके टैंक से पानी टपकता रहता है, जिससे आग बुझाने में मुश्किलें आती है। वहीं, जो छोटी गाड़ी है वह केवल तंग गलियों में काम आती है और उसमें पानी की मात्रा बेहद सीमित होती है। ऐसे में बड़ी आगजनी की घटनाओं से निपटना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने इस संबंध में कड़ा विरोध जताते हुए स्थानीय विधायक को शिकायत देने का मन बना चुके थे, लेकिन विरोध को देखते हुए दमकल विभाग ने गोहाना भेजी गई दूसरी गाड़ी को वापिस गन्नौर भेज दिया। जिसके बाद अब क्षेत्र में आगजनी होने पर बड़ा खतरा टल सकता है। स्थानीय लोगों ने अब दमकल विभाग को आभार जताया है।

### दमकल गाड़ी भेजने से किया था मना

दमकल अधिकारी शमशेर सैनी ने बताया कि उन्होंने नई दमकल गाड़ी को गोहाना भेजे जाने से मना किया था, लेकिन विभाग ने गाड़ी गोहाना भेज दी थी। अब गाड़ी वापिस आ गई है। उन्होंने कहा कि पुरानी गाड़ी की स्थिति ठीक नहीं है। उसे भी ठीक करवाया जाएगा, ताकि क्षेत्र में आगजनी होने पर परेशानी न हो।

## प्रॉपर्टी डीलर की गाड़ी को मारी टक्कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** गांव करेवड़ी में प्रापर्टी डीलर की गाड़ी को टक्कर मारने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। गांव करेवड़ी निवासी सुनील ने बताया कि वह प्रापर्टी डीलर का काम करता है। गत 16 अप्रैल को अपनी स्कोडा गाड़ी में खेत में बने कार्यालय पर जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार सेंट्रो कार आई। कार चालक ने अचानक से ब्रेक लगाई। जिस पर उसने अपनी कार रोक ली। कार में बैठे युवक ने उसकी तरफ उंगली दिखाई। सुनील का कहना है कि वह अपनी गाड़ी का लेकर दूसरे रोड की ओर चला गया। इसके बाद सेंट्रो सवार ने उसकी कार में सीधी टक्कर मार दी। जिससे उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद आरोपित ने उसकी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी। वह किसी तरह वहां से अपनी गाड़ी लेकर निकला। जब शिकायत देने के लिए थाने पहुंचा तो गांव के रहने वाले मोहित ने शिकायत देने पर जान से मारने की धमकी दी। सुनील का कहना है कि मोहित हत्या के मामले में जेल भी जा चुका है। वह अभी एक महीने पहले ही जेल से बाहर आया है। उसे मोहित और उसके साथियों से जान का खतरा है।

## एटीएम कार्ड और पैस छीनने की वारदात में शामिल आरोपित धरे

■ पुलिस ने आरोपितों को अदालत में किया पेश, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा



**सोनीपत।** एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड व रुपये छीनने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जयंत उर्फ काकू निवासी जहांगीरपुरी दिल्ली, विपिन उर्फ सूरज निवासी गौतम बुद्ध नगर, अजीत उर्फ अज्जूद निवासी फर्रुखाबाद यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया। गांव मंडोरी निवासी मनोज ने 14 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपनी कंपनी से काम के लिए मड़ौली दिल्ली जाकर कंपनी की गाड़ी से पास प्रदीप चालक के साथ आ रहा था। केएमपी पर फ्लाईओवर के पास पहुंचे। वहां पर उतरकर अपने गांव जाने वाले वाहन का इंतजार करने लगा। इस दौरान तीन लड़कों ने उसे पकड़ लिया। उससे मोबाइल फोन, कवर से तीन सौ पचास रुपये व बैंक का एटीएम सहित दो सौ रुपये जेब से निकाल लिए। उससे मोबाइल का पासवर्ड पूछकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक अमित की टीम ने तीन आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। उनके पास से 700 रुपये बरामद किए है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाया जाएगा : गहलावत

# विधायक ने सुनीं हलके के लोगों की समस्याएं

■ लोगों ने दरबार में बिजली, पानी आदि की समस्याएं रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। विधायक कृष्णा गहलावत अपने आवास पर हलके के लोगों की समस्या सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने जनता दरबार लगाकर हलके के लोगों की समस्या सुनी। दरबार में बिजली, पानी आदि समस्याओं के समाधान की हलके के लोगों ने मांग की।

गांव बढ़मलिक की दुर्गा कालोनी में गली निर्माण की मांग, हलालपुर गांव में आक्सीजन बाग में लगे टयूबवैल को ठीक करवाने, मनौली गांव के लोगों ने बिजली की समस्या के समाधान, मुरथल गांव में खारी चौपाल की रिपेयर करने, हलालपुर गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण करने, मकीमपुर गांव के लोगों ने बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग, खेल परिसर की चार दिवारी करने की मांग की। विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि हलके के लोगों की समस्या का समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने लोगों से आह्वान किया कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।

हलके की जनता ने अपना आशीर्वाद देकर विधायक बनाया है तो उनकी जिम्मेदारी है कि हलके के लोगों की सेवा करें। हलके में सड़कों के निर्माण के अलावा विभिन्न कार्य करवाए जा रहे है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवाने में प्रयासरत है।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर भूप सिंह हलालपुर, नरेन्द्र वर्मा, दीपाशु, कुलदीप ठेकेदार, फूलकवार, जयराम शर्मा, त्रिवेन्द्र,विपिन मनौली, अनिल आंतिल कुमासपुर, कुलदीप, अनिल आंतिल, कुलदीप, प्रदीप, संजीत सबौली, अमित दीपालपुर आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

PARAS CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
Paras CA Foundation RESULT 80% to 90%
Admission OPEN FOR CA Foundation Sept. 25
350 DRISHTI
344 MANAN
339 DARSHIL
Batches Start 21st April 25
Book your seat now
Near City Mall, Sonipat
Call : 9149112716 7015755714